## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), वन भवन, तुलसी नगर, म.प्र., भोपाल

क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/35835/2018/ 40 भोपाल, दिनांक 02.01.25

प्रति,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),
भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, केन्द्रीय पर्यावरण भवन
लिंक रोड़ नं. 3, ई–5, रविशंकर नगर, मध्यप्रदेश, भोपाल।

**विषयः– वन मंडल, टीकमगढ़ के परिक्षेत्र जतारा के ग्राम माचीगढ़ के RF-262 के रकबा 19.000 हे. वनभूमि डायस्फोर / पायरोफ्लाइट खनिज ओपन कास्ट पद्धति से उत्खनन कार्य हेतु मेसर्स खजुराहो मिनरल्स प्रा.लि. को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भोपाल का पत्र क्रमांक 6–एमपीसी 027 / 2019–बीएचओ / दिनांक 27.12.2023

––0––

विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के उक्त संदर्भित पत्र द्वारा चाही गई 06 बिन्दुओं की जानकारी आवेदक संस्थान से प्राप्त कर निम्नानुसार प्रेषित हैः–

| क्र. | चाही गई जानकारी | प्रेषित जानकारी |
|---|---|---|
| 1 | That reply furnished by the State Govt with reference to this office letter 23-04-2020 took around three years of time therefore, as per the guideline in the handbook para 1.20 the comment on nature and scope of the project are need to be provided. | इस बिन्दु के संबंध में आवेदक संस्था द्वारा विलम्ब का कारण कोरोना काल में लॉक डाउन होना बताया है। जारी दिशा निर्देश के अनुसार वनक्षेत्र और उसके आस–पास रहने वाले आदिवासियों की संख्या नगण्य है। उक्त खनिज डायस्पोर / पायरोफिलाईट की उपलब्धता राजस्व क्षेत्र में न के बराबर है व अच्छी क्वालिटी का नहीं है। देश एवं प्रदेश में उक्त खनिज की मांग को ध्यान में रखते हुये वनक्षेत्र में आवेदन किया गया है। |
| 2 | Furtherm the saftey zone is not added to the mining area as per the guideline. The saftey zone inside the mining area be marked on KML of diversion area and accordingly necessary changes incomponent wise break up in online Part I be done. | इस बिन्दु के संबंध में आवेदक संस्था द्वारा खनन क्षेत्र में सुरक्षा क्षेत्र को जोड़कर नई KML फाईल में चिन्हित कर ऑनलाईन अपलोड कर दी गई है। KML फाईल की छायाप्रति संलग्न है। |
| 3 | The Letter of Intent was issued on 4.7.2008 and was valid for 6 month only. Therefore, fresh LoI is required to be furnished. | इस बिन्दु के संबंध में आवेदक संस्था द्वारा लेख किया गया है कि खनिज विभाग की सैद्धान्तिक सहमति का पत्र दिनांक 04.07.2008 का न होकर दिनांक 04.07.2018 को जारी किया गया है। सैद्धान्तिक सहमति में 6 माह में खनन योजना एवं पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य शासन को प्रेषित करना थी। आवेदक संस्था द्वारा 6 माह के अंदर खनन योजना स्वीकृत कराकर प्रस्तुत कर दी गई थी एवं पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया था। पर्यावरणीय स्वीकृति एवं वनभूमि व्यपवर्तन की कार्यवाही प्रचलित है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | The DSS analysis shows that the NFL area could accommodate 11000 trees and the DFL could accommodate 5000 trees only, Therefore, the DFO area for rest 3000 trees is required to be given. The concerned DFO should personally visit the given areas of NFL and DFL and ensure whether 19000 saplings can be planted in it or not. | इस बिन्दु की जानकारी वनमण्डलाधिकारी, छतरपुर से प्राप्त कर शीघ्र ही भेजी जायेगी। |
| 5 | The State Govt should fully justify the necessity of opening new mining leases for this particular mineral. Further, this also need to ensure that the proposed mining conforms the provisions of Sustainable Sand Mining Management Guidelines. 2016 and Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining, 2020, issued by Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC) | इस बिन्दु के संबंध में आवेदक संस्था द्वारा लेख किया गया है कि प्रस्तावित क्षेत्र में पाया जाने वाला खनिज उत्तम श्रेणी का है, जो प्रदेश में केवल टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिले में ही वनक्षेत्र के अंदर ही पाया जाता है। उपलब्ध खनिज की मांग अनुसार आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु वनक्षेत्र में खनि पट्टा हेतु आवेदन किया गया है। |
| 6 | In compliance of the guidelines in the Handbook of FCA 1980, whenever a proposal for fresh mining is submitted, a brief profile of the lessee/company should be submitted giving details of their existing mining leases in the State with their capacity of production, the present level of average annual production, location of these pits and the status of reclamation of forest land that have exhausted minerals. Along with the same, the State Government shall also submit details of all other mining leases for the particular mineral with their capacity and average annual production and projected future requirements. They should fully justify the necessity of opening new mining leases for that particular mineral. | इस बिन्दु की जानकारी के संबंध में आवेदक संस्था द्वारा सूचित किया है कि पास के छतरपुर जिले में वन कक्ष क्रमांक पी–166 तहसील बक्सवाहा में 4.950 हेक्टेयर वनभूमि पर पायरोफिलाईट खनिज का उत्खनिपट्टा स्वीकृत होकर संचालित है, जिसका वार्षिक उत्पादन 01 लाख टन प्रतिवर्ष है तथा एक अन्य उत्खनिपट्टा टीकमगढ़ जिले में वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 262 तहसील जतारा, जिला टीकमगढ़ में रकबा 12.00 हेक्टेयर वनभूमि पर वर्ष 2023 से स्वीकृत होकर संचालित है, जिसका वार्षिक उत्पादन 55689 टन प्रतिवर्ष है। |

उपरोक्तानुसार प्राप्त जानकारी संलग्न प्रेषित है। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रकरण परिवेश पोर्टल 1.0 में प्रचलित है। वर्तमान में परिवेश पोर्टल 2.0 लागू है। क्या उक्त प्रकरण को भी परिवेश पोर्टल 2.0 में ऑनलाईन प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को निर्देशित किया जावे ?

संल ... -1 पत्र

02.01.25

(एच.एस.मोहन्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

-3-

पृ. क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/35835/2018/41 भोपाल, दिनांक 02.01.25

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त, छतरपुर, मध्यप्रदेश।
2. वन मंडल अधिकारी (सा.) वन मंडल टीकमगढ, मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित कर लेख है कि बिन्दु क्रमांक–4 की जानकारी तत्काल भेजे।
3. मेसर्स खजुराहो मिनरल्स, प्रा.लि. सागर रोड, धादरी, छतरपुर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबन्ध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

KHAJURAHO MINERALS PVT. LTD.

KM Group
Since 1985

Mine owner, Manufacturers & Suppliers of all kind of Micronised Minerals

www.kmgroup.asia

क्रमांक /533/ के.एम.पी.एल. / 2024 छतरपुर, दिनांक 28/11/2024

प्रति,

श्रीमान् अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (भू–प्रबंध) महोदय,
भोपाल (म.प्र.)

विषय :– वनमण्डल टीकमगढ़, के वन परिक्षेत्र जतारा के वनखण्ड माचीगढ़ के वनकक्ष क्रमांक आर. एफ. 262 के रकवा 19.000 हेक्टेयर (18.964 हेक्टे. माईनिंग लीज एवं 0.036 हेक्टे. पहुँच मार्ग) वन भूमि में डायस्पोर/पायरोफिलाईट खनिज ओपन कास्ट पद्धति से उत्खनन कार्य हेतु **Online Proposal No. FP/MP/MIN/35835/2018.**

सन्दर्भ :– कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध) का पत्र पृष्ठां. क्रमांक/एफ–1/FP/MP/MIN/35835/2018/547 भोपाल, दिनांक 24.01.2024

महोदय,

विषयांकित वनभूमि का व्यपवर्तन के प्रेषित प्रस्ताव में भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भोपाल के पत्र दिनांक 27.12.2023 के बिन्दु क्रमांक 1, 2, 3, 5 तथा 6 की जानकारी तैयार कर वनमण्डल अधिकारी सामान्य वनमण्डल टीकमगढ़ के माध्यम से आपके कार्यालय को भेजने हेतु लेख किया गया है । कम्पनी से संबंधित बिन्दुओं की जानकारी निम्नानुसार है :–

1. भारत सरकार के पत्र दिनांक 23.04.2020 के उत्तर की समयावधि का संबंध राज्य सरकार से है तीन वर्ष का समय लगने का कारण कोरोना काल रहा है जिसमें लॉक डाउन के कारण कार्य प्रभावित रहा । वन भूमि का अवानकीय उपयोग हेतु जारी हेण्डबुक पैरा 1.20 के संबंध में वन क्षेत्र में और उसके आसपास रहने वाले आदिवासियों की संख्या नगण्य है । उक्त खनिज डायस्पोर/ पायरोफिलाईट की उपलब्धता राजस्व क्षेत्र में न के बराबर है व अच्छी क्वालिटी का नहीं है । देश एवं प्रदेश में उक्त खनिज की मांग को ध्यान में रखते हुये वन क्षेत्र में आवेदन किया गया है ।

2. आवेदक संस्थान द्वारा खनन क्षेत्र में सुरक्षा क्षेत्र को जोड़ कर नई केएमएल फाईल में चिन्हित कर ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है । (KML की छायाप्रति संलग्न है)

3. सैद्धांतिक सहमति का पत्र दिनांक 04.07.2008 को जारी न होकर दिनांक 04.07.2018 को जारी किया गया था । सैद्धांतिक सहमति में 06 माह में खनन योजना एवं पर्यावरण स्वीकृति राज्य शासन को प्रस्तुत करना थी । आवेदक संस्थान द्वारा 06 माह के अंदर खनन योजना स्वीकृत कराकर राज्य शासन को प्रस्तुत कर दी थी एवं पर्यावरण स्वीकृति के लिये आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया था । पर्यावरण स्वीकृति एवं वन भूमि का व्यपवर्तन की कार्यवाही प्रचलन में है ।

4. बिन्दु क्रमांक 4 की जानकारी वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल छतरपुर द्वारा पृथक से प्रेषित करने का अनुरोध है ।

खनिज
29/11

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू-प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भोपाल
आवक क्रं. 2793
दिनांक 02-11-24

Post box no.24
Chhatarpur -471001
MP, India.

Office: 07682- 241589, 243884, 243885, 248751
Fax: 07682- 243883
Mailing Address: Khajurahomineral.sales@gmail.com

5. उक्त क्षेत्र में पाया जानेवाला खनिज उत्तम श्रेणी का है जो प्रदेश में केवल टीकमगढ़ एवं छतरपुर जिले में वन क्षेत्र के अंदर ही पाया जाता है । उपलब्ध खनिज की मांग अनुसार आवश्कता को पूरी करने हेतु वन क्षेत्र में पट्टा हेतु आवेदन किया गया है ।

6. आवेदक संस्थान के पास छतरपुर जिले में वनकक्ष क्रमांक पी–166 तहसील बकस्वाहा जिला छतरपुर में 4.950 हेक्टेयर पायरोफिलाईट खनिज का उत्खनि पट्टा स्वीकृत होकर संचालित है । जिसका वार्षिक उत्पादन 01 लाख टन प्रतिवर्ष है तथा एक अन्य उत्खनि पट्टा टीकमगढ़ जिले में वनकक्ष क्रमांक आर.एफ. 262 तहसील जतारा जिला टीकमगढ़ में रकवा 12.000 हेक्टेयर वर्ष 2023 से स्वीकृत होकर संचालित है जिसका वार्षिक उत्पादन 55689 टन प्रतिवर्ष है ।

अतः उक्त जानकारी अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

संलग्न :– खनन क्षेत्र की KML File


" सधन्यवाद "

भवदीय
वास्ते – खजुराहो मिनरल्स प्रा. लि.

निदेशक

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त छतरपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित ।
2. श्रीमान् वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल छतरपुर को भारत सरकार के पत्र में वर्णित बिन्दु क्रमांक 4 को जानकारी वरिष्ठ को भेजने हेतु सम्प्रेषित ।
3. श्रीमान् वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल टीकमगढ़ को अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।


ntitled Map
ELLOW LINE - LEASE BOUNDRY
ED LINE - 7.5 METER SAFETY ZONE
Legend
ogle Earth